
# New Jersey में मंकीपॉक्स टीकाकरण

मंकीपॉक्स के टीके को **JYNNEOS** कहा जाता है।


New Jersey में JYNNEOS टीके की वर्तमान सीमित आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए, **निम्नलिखित निवासी टीकाकरण के लिए पात्र हो सकते हैं***। वे लोग:



जिनका पिछले 14 दिनों के भीतर ऑर्थोपॉक्सवायरस या मंकीपॉक्स वायरस के लिए परीक्षण पॉजिटिव आए किसी व्यक्ति से संपर्क होने की जानकारी है



जो किसी ऐसे कार्यक्रम में शामिल हुए जहां पिछले 14 दिनों के भीतर मंकीपॉक्स का ज्ञात जोखिम हुआ है



जिनके पिछले 14 दिनों में उन क्षेत्रों में कई यौन साथी थे जिन क्षेत्रों में मंकीपॉक्स की सूचना मिली है

कोई भी व्यक्ति जो अपनी पात्रता स्पष्ट करता है (कई यौन साथी होना या किसी ऐसे कार्यक्रम में भाग लेना जहां मंकीपॉक्स का संसर्ग हुआ हो) वह टीकाकरण के लिए पात्र है।

वर्तमान टीकाकरण प्रयास असमान रुप से प्रभावित समूहों पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिनमें समलैंगिक और उभयलिंगी पुरुष और पुरुषों के साथ यौन संबंध रखने वाले अन्य पुरुष शामिल हैं। समय के साथ इसमें बदलाव आ सकता है।

*New Jersey को CDC से अतिरिक्त खुराकें मिलने की प्रतीक्षा है। जैसे ही राज्य को अतिरिक्त आपूर्ति मिलती है, विभाग टीके तक पहुंच का विस्तार जारी रखेगा

**अधिक जानकारी और टीकाकरण के स्थानों के लिए, https://bit.ly/njmpx पर जाएँ या QR कोड स्कैन करें:**

NJ Health
New Jersey Department of Health

Accredited Health Department · PHAB · Advancing public health performance · Public Health Accreditation Board



# मंकीपॉक्स:

## आपको क्या पता होना चाहिए

**मंकीपॉक्स एक वायरस के कारण होने वाला संक्रमण है। लक्षण हल्के हो सकते हैं, लेकिन कुछ मामले अधिक गंभीर हो सकते हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता हो सकती है।**

**सुरक्षित रहने और इस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए आपको निम्न को जानना आवश्यक है।**

## मंकीपॉक्स के लक्षण क्या हैं?



**लक्षणों में शामिल हो सकते हैं:**

- चकत्ते, गांठें या फफोले जो जननांगों या उनके आसपास या अन्य भागों (जैसे हाथ, पैर, चेहरे या छाती) पर हो सकते हैं

- वे आम यौन संचारित संक्रमण या अन्य त्वचा रोग जैसे दाद या पॉइज़न आइवी के जैसे दिख सकते हैं

- चकत्तों से पहले फ्लू जैसे लक्षण हो सकते हैं, जैसे बुखार, सिर और शरीर में दर्द, सूजी हुई लिंफ नोड्स और ठिठुरन




## मंकीपॉक्स कैसे फैलता है?

मंकीपॉक्स लोगों के बीच करीबी, शारीरिक संपर्क से फैलता है, जिनमें शामिल हैं:



मंकीपॉक्स चकत्तों के साथ सीधा संपर्क



लंबे समय तक के आमने-सामने के संपर्क के दौरान बलगम या लार (थूक) द्वारा या घनिष्ठ शारीरिक संपर्क, जैसे चुंबन, गले लगाना, या यौन संबंध के दौरान




मंकीपॉक्स संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की जाने वाली चीजों जैसे कि तौलिये, बिस्तर की चादरें और कपड़े को छूना

मंकीपॉक्स लक्षण शुरू होने के समय से लेकर चकत्तों के पूरी तरह से ठीक होने और त्वचा की एक नई परत बनने तक फैल सकता है।

## मंकीपॉक्स की रोकथाम कैसे की जा सकती है?



अपने यौन साथी से पूछें कि क्या उन्हें मंकीपॉक्स के चकत्ते या अन्य लक्षण हैं



किसी ऐसे व्यक्ति के साथ त्वचा-से-त्वचा के संपर्क से बचें, जिसमें मंकीपॉक्स के चकत्ते या अन्य लक्षण हों



संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की जानेवाली सामग्री जैसे बिस्तर, तौलियां, कपड़ों या अन्य वस्तुओं के संपर्क में आने से बचें



अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं, या संक्रमित लोगों के संपर्क में आने के बाद अल्कोहल-आधारित हैंड सैनिटाइज़र का प्रयोग करें

## यदि मुझमें लक्षण दिखाई दें या मुझे लगता है कि मुझे मंकीपॉक्स हो सकता है तो मुझे क्या करना चाहिए?

यदि आप में मंकीपॉक्स के कोई लक्षण दिखाई दें, तो अपने **स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, तत्काल देखभाल केंद्र, या अस्पताल से**तुरंत संपर्क करें।

- जाने से पहले कॉल करें ताकि वे आपको अन्य लोगों से आइसोलेट करने के लिए तैयार रह सकें।
- याद से मास्क पहनें और जितना हो सके घावों को ढकें
  - अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को बताएं अगर आपने हाल ही में यात्रा की है, आपका किसी ऐसे व्यक्ति के साथ संपर्क हुआ है जिसे इसी तरह के चकत्ते थे या मंकीपॉक्स का निदान हुआ है
  - यदि आपके स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा सिफारिश की जाती है तो परीक्षण करवाएं; परीक्षण में चकत्तों के स्वाब एकत्र करना शामिल है
  - परीक्षण परिणाम आने तक घर पर आइसोलेट रहें



## यदि आपका परीक्षण पॉजिटिव आता है तो क्या करें?

- ✓ जब तक सभी घाव ठीक नहीं हो जाते, पपड़ियाँ गिर नहीं जाती और अखंड त्वचा की एक नई परत नहीं बन जाती तब तक आइसोलेट रहें (आमतौर पर 2-4 सप्ताह)।
- ✓ आपात स्थितियों में या फॉलो-अप चिकित्सा देखभाल के लिए जरुरी होने के अलावा, अन्य समय घर पर ही रहें।
- ✓ यदि एक ही घर में अन्य लोग भी रहते हैं तो यदि संभव हो तो अलग बाथरूम का उपयोग करें।
- ✓ अगर आपको घर में अन्य लोगों के आसपास रहने की आवश्यकता है तो अच्छी तरह से फिट होने वाला मास्क या रेस्पिरेटर पहनें।
- ✓ सामान्य रूप से छुई जानेवाली सतहों को EPA-पंजीकृत कीटाणुनाशक का उपयोग करके नियमित रूप से स्वच्छ और कीटाणुरहित करें।
- ✓ साबुन और पानी से हाथ धोएं और कम से कम 60% अल्कोहल वाले हैंड सैनिटाइज़र का उपयोग करें।
- ✗ सभी यौन गतिविधियों से दूर रहें
- ✗ घर में अन्य लोगों और पालतू जानवरों के निकट संपर्क से बचें।
- ✗ आंखों के संक्रमण की रोकथाम के लिए कॉन्टैक्ट लेंस के उपयोग से बचें।
- ✗ वायरस के प्रसार को रोकने के लिए शरीर के उन भागों को शेव करने से बचें जहां छाले या घाव हों।



## अगर मुझे लगता है कि मुझे मंकीपॉक्स का संसर्ग हो गया है तो मुझे क्या करना चाहिए?



तुरंत अपने स्थानीय स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करें



सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सिफारिश किए जाने पर टीका लगवाएं



21 दिनों तक लक्षणों पर नजर रखें